# हीटवेव को ग्रीनवेव में बदला : योगी

- प्रधानमंत्री मोदी के पर्यावरण संरक्षण के विजन की सराहना की
- निजी क्षेत्र के सहयोग से आज 52 करोड़ पौधे तैयार



**अयोध्या, 9 जुलाई.मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार ने अपने आठ साल के कार्यकाल में हरित क्रांति के जरिये हीटवेब को ग्रीनवेव में बदलने का काम किया है.**

योगी ने यहां रामपुर हलवारा में सरयू नदी के किनारे त्रिवेणी वाटिका में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत बरगद, नीम और पीपल के पौधे रोपकर इसे भगवान श्रीराम, धरती माता और जन्मदायिनी माता को समर्पित किया.अयोध्या की पवित्र भूमि पर आयोजित एक जनसभा में उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ इस अभियान की महत्ता पर जोर दिया. मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभूतपूर्व प्रगति की है. इस दौरान 204 करोड़ पौधों का रोपण किया गया, जिनमें से 75 प्रतिशत पौधे जीवित हैं. इसके परिणामस्वरूप राज्य में 5 लाख एकड़ क्षेत्र में वनाच्छादन बढ़ा है.योगी ने कहा कि हमने हीटवेव को ग्रीनवेव में बदला है. यह प्रयास न केवल पर्यावरण को स्वच्छ रखने में सहायक है, बल्कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है. उन्होंने वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु का उल्लेख करते हुए कहा कि पेड़ों में भी जीवन है और ये छाया, फल, मृदा संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को योगी ने धरती माता और जन्मदायिनी मां के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक बताया. उन्होंने वैदिक उद्घोष 'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः' का उल्लेख करते हुए कहा कि एक सच्चा पुत्र वही है जो अपनी मां की सेवा और रक्षा करता है. इस अभियान के तहत प्रदेशवासियों ने सुबह 7 बजे से ही उत्साह के साथ पौधरोपण शुरू किया. योगी ने कहा कि यह अभियान वर्तमान को संवारने और भविष्य को सुरक्षित करने का संकल्प है. पेड़ हमें प्रदूषण, सांस की बीमारियों और कार्बन उत्सर्जन के दुष्प्रभावों से बचाएंगे.

> मुख्यमंत्री ने जलवायु परिवर्तन को वैश्विक चुनौती बताते हुए कहा 5कि अतिवृष्टि, अनावृष्टि और बादल फटने जैसी घटनाएं अनियोजित विकास का परिणाम हैं . उन्होंने अमेरिका के टेक्सास में हाल ही में हुई एक घटना का जिक्र किया, जहां अचानक आई बाढ़ में सैकड़ों बच्चे लापता हो गए . योगी ने जोर देकर कहा कि नियोजित और वैज्ञानिक प्रयासों से विकास और पर्यावरण संरक्षण में संतुलन स्थापित किया जा सकता है . उन्होंने बताया कि आठ साल पहले शुरू हुए इस अभियान में शुरुआत में केवल 5 करोड़ पौधे उपलब्ध थे, लेकिन वन विभाग, मनरेगा और निजी क्षेत्र के सहयोग से आज 52 करोड़ पौधे तैयार किए गए हैं . उन्होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पर्यावरण संरक्षण के विजन की सराहना की और कहा कि उनके नेतृत्व में शुरू हुए इस अभियान ने उत्तर प्रदेश को हरित भविष्य की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है . उन्होंने चूल्हा हटाकर गैस सिलेंडर, एलईडी लाइट्स और सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध जैसे कदमों को धरती माता की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण बताया . सीएम योगी ने कहा कि पिछले साल पीएम मोदी द्वारा श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद इस साल अयोध्या में पौधरोपण अभियान का शुभारंभ विशेष महत्व रखता है .



## इसरो ने गगनयान सर्विस मॉड्यूल प्रणोदन प्रणाली के किए हॉट टेस्ट

**चेन्नई 09 जुलाई.** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने गगनयान सर्विस मॉड्यूल प्रणोदन प्रणाली के दो हॉट टेस्ट सफलतापूर्वक किए हैं.इसरो ने बुधवार को एक अपडेट में यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि ये परीक्षण तीन जुलाई को महेन्द्रगिरी स्थित इसरो प्रणोदन परिसर में किए गए थे. परीक्षण सामग्री के विन्यास को प्रमाणित करने के लिए 30 सेकंड और 100 सेकंड के लिए दो लघु अवधि के हॉट टेस्ट किए गए. इन परीक्षण के दौरान प्रणोदन प्रणाली का समग्र प्रदर्शन पूर्व-परीक्षण पूर्वानुमानों के अनुसार सामान्य रहा. 100 सेकंड के परीक्षण के दौरान सभी एलएएम इंजनों के साथ-साथ विभिन्न मोड जैस स्थिर अवस्था; स्पंदित में सभी आरसीएस थ्रस्टर्स का एक साथ संचालन भी सफलतापूर्वक किया गया.

# भाजपा प्रशिक्षण वर्ग मैनपाट में संपन्न हुआ

- पार्टी रीति-नीति पर हुआ संवाद
- सहभोज से बढ़ा आपसी सामंजस्य



**मैनपाट ,09 जुलाई.छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि निरंतर अभ्यास और प्रशिक्षण भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) की कार्यप्रणाली का महत्वपूर्ण अंग है. पार्टी में मंडल इकाई से लेकर राष्ट्रीय कार्यकारिणी तक के नियमित प्रशिक्षण की परंपरा है.**

साय ने एक्स पर ट्वीट कर बधाई देते हुए लिखा कि प्राकृतिक हरीतिमा से भरपूर प्रदेश के सरगुजा संभाग के मैनपाट में भाजपा का त्रि-दिवसीय सांसद-विधायक प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ. निरंतर अभ्यास और प्रशिक्षण भाजपा की कार्यप्रणाली का महत्वपूर्ण अंग है. पार्टी में मंडल इकाई से लेकर राष्ट्रीय कार्यकारिणी तक के नियमित प्रशिक्षण की परंपरा है.

> उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं, पार्टी पदाधिकारियों और जन प्रतिनिधियों के लिए विभिन्न स्तर पर सतत् आयोजित होने वाले ऐसे वर्ग से पार्टी की रीति-नीति, कार्यक्रम और कार्ययोजना समेत विभिन्न ज्वलंत विषयों पर भी भाजपाजनों का प्रबोधन और मार्गदर्शन होता है . अपने-अपने दायित्वों में व्यस्त कार्यकर्ताओं के एक साथ रुकने रहने, सहभोज से आपसी समझ, सामंजस्य बढ़ता है . रिश्ते मजबूत होते हैं, हम सभी एक परिवार का अंग हैं, पार्टी के प्रति यह परिवार भाव भी सुदृढ़ होता है .इसी सातत्य में पार्टी की प्रदेश इकाई द्वारा आयोजित मैनपाट प्रशिक्षण वर्ग अत्यधिक उपयोगी रहा .

# उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मी हड़ताल पर

**लखनऊ 09 जुलाई.नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लॉइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर देश के 27 लाख बिजली कर्मियों ने एक दिन की सांकेतिक हड़ताल की.उत्तर प्रदेश के लगभग एक लाख बिजली कर्मचारियों, संविदा कर्मियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं ने कार्यालय कार्य स्थल से बाहर आकर निजीकरण के विरोध में पूरे दिन प्रदर्शन किया.**



ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर के त्रिवेदी, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाईज के महामंत्री मोहन शर्मा, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लॉइज फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के महामंत्री सुदीप दत्ता, इंडियन नेशनल इलेक्ट्रिसिटी वर्कर्स फेडरेशन के महामंत्री कुलदीप कुमार और ऑल इंडिया पावर मेन्स फेडरेशन के महामंत्री समर सिन्हा ने बयान में कहा है कि केंद्र सरकार की एवं राज्य सरकारों की बिजली के निजीकरण की जन विरोधी नीतियों के विरोध में देश के सभी प्रांतों के लगभग 27 लाख बिजली कर्मियों ने एक दिन की सांकेतिक हड़ताल कर अपनी एकजुटता का परिचय दिया है.

> उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि बिजली के निजीकरण का निर्णय वापस लिया जाए और केंद्र सरकार से मांग की है कि विद्युत मंत्रालय इस मामले में पहल कर उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण का निर्णय निरस्त करवाना सुनिश्चित करें .बिजली नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उत्तर प्रदेश में दो विद्युत वितरण कंपनियों के निजीकरण का निर्णय वापस न लिया गया और उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मियों का उत्पीड़न करने की कोशिश की गई तो देश के तमाम बिजली कर्मी मूकदर्शक नहीं रहेंगे .

## गर्भवती महिला को आठ किमी खाट पर लेकर पहुँचे अस्पताल

**सुकमा, 09 जुलाई.** छत्तीसगढ़ के सुकमा सिमा से लगे मलकानगिरी जिले में एम्बुलेंस नही पहुचा गांव घाट पर आठ किलोमीटर पैदल लेकर पहुँचे परिजन तब जा कर गर्भवती महिला पहुंची अस्पताल. खराब सड़क हालातों के कारण गर्भवती महिलाओं को अक्सर खाट या खटिया पर अस्पताल ले जाया जाता है, या फिर उन्हें पैदल ही चलना पड़ता है. एक घटना में, एक गर्भवती महिला को आठ किलोमीटर से अधिक पैदल चलकर एम्बुलेंस तक पहुंचना पड़ा क्योंकि एम्बुलेंस उसके गांव तक नहीं जा सकी. मलकानगिरी जिले में सड़क की कमी के कारण गर्भवती महिलाओं को खाट पर अस्पताल ले जाने की खबरें आती रहती हैं.

# केजरीवाल ने मांगा नोबल पुरस्कार

**शिक्षा-स्वास्थ्य मॉडल की तारीफ**

**सरकारी सिस्टम बदलने का किया दावा**

**दिल्ली, 09 जुलाई आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुशासन के लिए खुद को नोबेल पुरस्कार का हकदार बताया है.**

बुधवार को मोहाली में जैसमीन शाह की किताब केजरीवाल मॉडल के पंजाबी संस्करण के विमोचन पर बोलते हुए केजरीवाल ने कहा कि उपराज्यपाल के लगातार हस्तक्षेप के बावजूद उन्होंने दिल्ली में जो काम किए हैं, खासकर शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में, उनके लिए उन्हें शासन और प्रशासन के लिए नोबेल पुरस्कार मिलना चाहिए.केजरीवाल ने अपनी बात पर जोर देते हुए कहा, जितने दिन हमारी सरकार रही हमें काम नहीं करने दिया उसके बावजूद हमने काम किया. इसमें तो मुझे लगता है, गवर्नेंस के ऊपर और एडमिनिस्ट्रेशन के अंदर नोबेल पुरस्कार मिलना चाहिए.

> उन्होंने कहा, मैं कोई सिकंदर नहीं हूं . ना मुझे सारे चुनाव जीतने का शौक है . मेरा तो यह था कि हम एक मॉडल क्रिएट कर दें . एक उम्मीद जो देश के अंदर खत्म हो गई थी कि सरकारी स्कूल और अस्पताल ठीक नहीं हो सकते . हम वो माइंटसेट चेंज करना चाहते थे कि नीयत सही होनी चाहिए, स्कूल भी ठीक हो सकते हैं, अस्पताल भी ठीक हो सकते हैं, बिजली ठीक हो सकती है, सड़कें भी ठीक हो सकती है . वह हमने करके दिखाया .ज्ञात हो कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान केंद्र द्वारा नियुक्त उपराज्यपाल के साथ उनके लगातार टकराव रहे हैं .



# जिला अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी

**धमकी भरा ईमेल मिलने पर फैली दहशत**

**डॉग स्क्वॉड और बम विशेषज्ञों ने परिसर की तलाशी ली**

**शिमला, 09 जुलाई.हिमाचल प्रदेश में शिमला , कुल्लू और नाहन की जिला अदालतों को बुधवार सुबह बम की धमकी भरा ईमेल मिलने पर दहशत फैल गई. न्यायाधीश ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अदालत परिसर को खाली कराने का आदेश दिया तथा पुलिस और सेना के अधिकारियों को सूचित किया.**



डॉग स्क्वॉड और बम विशेषज्ञों ने परिसर की तलाशी ली, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली.

नाहन के पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष वीरेंद्र पाल ने पुष्टि की कि सुरक्षा के लिए परिसर को खाली करा लिया गया था और अधिकारियों ने तलाशी के दौरान सख्त सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी.

> सूत्रों ने बताया कि धमकी भरे ईमेल में विवादास्पद दस्तावेज़ और विस्फोटक की चेतावनी शामिल थी, जो कथित तौर पर अन्ना विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों से जुड़े होने का दावा करने वाले एक समूह की ओर से भेजा गया था . पुलिस ने इसे महज अफवाह बताया है, लेकिन ईमेल के स्रोत का पता लगाने की कोशिश जारी है .वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अदालती कामकाज की संवेदनशीलता को देखते हुए मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है . साइबर अपराध इकाइयां और खुफिया एजेंसियां जांच में मदद कर रही हैं .

## आज का इतिहास

| | |
|---|---|
| 1848 | न्यूयॉर्क और शिकागो के बीच पहला टेलीग्राफ लिंक शुरू . |
| 1946 | राजशाही खत्म होने के बाद इटली गणतांत्रिक राष्ट्र बना . |
| 1962 | दुनिया की पहला संचार उपग्रह टेलस्टार-1 को नासा ने प्रक्षेपित किया . |
| 1965 | महिलाओं के लिए पहला एनसीसी कालेज ग्वालियर में खुला . |
| 1983 | ब्रिटेन में मार्गरेट थैचर पुन प्रधानमंत्री बनीं . |
| 1991 | सोवियत संघ के टूटने के बाद बोरिस येल्सिन रूस के पहले राष्ट्रपति बने . |

# बारिश से सैकड़ों परिवार हुए बेघर

## गंगा के मैदानी क्षेत्र में कम दबाव का क्षेत्र बना

**नई दिल्ली , 09 जुलाई.दक्षिण त्रिपुरा के सीमांत इलाके में बीते दो दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात के चलते सैकड़ों परिवार बेघर हो गए हैं. इन प्रभावित परिवारों को राहत शिविरों में भेजा गया है.**



प्रशासन ने बाढ़ के चलते संतरीबाजार और बेलोनिया से विस्थापित हुए 539 परिवारों को 11 राहत शिविरों में भेजा है.भारतीय मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के अनुमान में कहा है कि राज्य के कई जिलों के लिए भारी बारिश की आशंका है. विभाग ने राज्य के अन्य सात जिलों के लिए ऑरेंज और दक्षिण त्रिपुरा के लिए रेड अलर्ट जारी किया है.राज्य में बाढ़ के कारण किसी भी आपात हालत से निपटने के लिए त्रिपुरा स्टेट रायफल्स , गोताखारों और आपदा प्रबंधन टीम को तैनात किया गया है. राज्य में मानसून सक्रिय है और पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी क्षेत्र में कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है.

## मणिपुर में चार उग्रवादी सहित 10 लोगों को किया गिरफ्तार

**इंफाल, 09 जुलाई** .मणिपुर में सुरक्षा बलों ने आपराधिक गतिविधियों में शामिल चार उग्रवादियों सहित 10 लोगों को गिरफ्तार किया है. इन लोगों पर हमले, उगाही और प्रतिबंधित संगठनों के साथ संबंध रखने का आरोप है.पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि सुरक्षा बलों ने मंगलवार को चार उग्रवादियों सहित 10 लोगों को गिरफ्तार किया है. इनमें से छह लोगों पर आरोप है कि उन्होंने कथित तौर पर बिष्णुपुर में आयोजित बंद के दौरान पुलिसकर्मियों पर हमला किया था.

# पंजाब से मिला हथियारों का जखीरा

## देश को दहलाने की साजिश नाकाम

**गुरदासपुर 09 जुलाई. पंजाब में गुरदासपुर जिला के जंगल से हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद कर एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स ने पाकिस्तान स्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल के सदस्य और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई द्वारा समर्थित हरविंदर रिंदा की एक बड़ी आतंकी साजिश को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया.**



पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बुधवार को बताया कि एक खुफिया जानकारी के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, एजीटीएफ की टीमों ने हथियारों को यह जखीरा आतंकवादी हरविंदर उर्फ रिंदा के साथियों तक पहुंचने से पहले बरामद किया. हथियारों का जखीरा गुरुदास के एक जंगल से दो एके-47 राइफलों, 16 कारतूसों, दो मैगज़ीन और दो पी-86 हैंड ग्रेनेड सहित आतंकवादी हार्डवेयर का एक बड़ा जखीरा बरामद किया.

## विदेश में बैठे ठग ने बनाया फर्जी अकाउंट

**धनबाद, 09 जुलाई** . झारखंड के धनबाद के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के नाम एवं प्रोफाइल फोटो का दुरुपयोग करते हुए दक्षिण पूर्व एशिया के लाओस में बैठे किसी ठग ने फर्जी वॉट्सएप अकाउंट बनाया है.इसके माध्यम से ठग प्रशासनिक पदाधिकारी सहित अन्य लोगों को मैसेज कर ठगी करने का प्रयास कर रहा है. उपायुक्त ने आज आमजनों को सतर्क रहने और ऐसे ठग के किसी भी झांसे में नहीं आने की अपील की है. उन्होंने कहा है कि यदि किसी अनाधिकृत फोन नंबर या सोशल मीडिया अकाउंट से पैसों की मांग की जाती है.

# ट्रम्प को मिली छंटनी की मंजूरी

- सरकारी एजेंसियों में भारी कटौती
- महत्वपूर्ण सेवाएं प्रभावित होने की आशंका

**न्यूयॉर्क 09 जुलाई.अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प प्रशासन को बड़े पैमाने पर सरकारी कर्मचारियों की छंटनी करने और कई संघीय एजेंसियों के आकार को छोटा करने की योजनाओं को शुरू करने की इजाजत दे दी है.**



न्यायालय के इस फैसले से हज़ारों लोग नौकरी गंवा सकते है. आलोचकों ने चेतावनी दी है कि इससे महत्वपूर्ण सरकारी सेवाओं के लिए खतरा उत्पन्न हो सकता है.सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें ट्रंप के उस कार्यकारी आदेश को रोक लगा दी थी, जिसमें उन्होंने सरकारी एजेंसियों में लाखों संघीय कर्मचारियों की छंटनी करने पर जोर दिया था.

> शीर्ष अदालत ने कहा, सरकार को अपने इस तर्क में सफल होने की पूरी संभावना है कि कार्यकारी आदेश और ज्ञापन वैध हैं . इसलिए हम सरकार की याचिका स्वीकार करते हैं . हम कार्यकारी आदेश और ज्ञापन के तहत तैयार या स्वीकृत किसी भी एजेंसी के आरआईएफ और पुनर्गठन योजना की वैधता पर कोई राय व्यक्त नहीं करते हैं . प्रशासन ने मामलों के विभाग और कई अन्य संघीय एजेंसियों में कर्मचारियों की संख्या कम करने की योजनाएँ बनाई थीं .

## बुलेट ट्रेन के लिए पुल का निर्माण कार्य पूरा

**अहमदाबाद, 09 जुलाई.** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर के लिए दमन गंगा नदी पर पुल का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से मंगलवार को यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए गुजरात के वलसाड जिले में दमन गंगा नदी पर पुल का निर्माण पूरा हो गया है। यह परियोजना के लिए गुजरात में नियोजित 21 नदी पुलों में से निर्मित सोलहवाँ नदी पुल है। वलसाड जिले में स्थित सभी पाँच (05) नदी पुल अब पूरे हो चुके हैं। कुल मिलाकर, पूरे कॉरिडोर पर 25 नदी पुलों का निर्माण किया जा रहा है।

## एक नजर में

### उदयपुर फाइल्स की रिलीज पर संशय बरकरार



**नई दिल्ली.** उदयपुर के दर्जी कन्हैया लाल की हत्या पर आधारित फिल्म उदयपुर फाइल्स की रिलीज पर कानूनी अड़चनें बनी हुई हैं . फिल्म 11 जुलाई को रिलीज होनी है, लेकिन इसकी रिलीज पर रोक लगाने की मांग वाली कई याचिकाएं दायर की गई हैं .सुप्रीम कोर्ट में एक आरोपी मोहम्मद जावेद ने तत्काल सुनवाई की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने इस मामले को दूसरी पीठ के पास लंबित होने का हवाला देते हुए छुट्टियों के बाद सुनवाई करने को कहा . सुप्रीम कोर्ट ने आज फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है .वहीं, दिल्ली हाई कोर्ट में फिल्म को दिए गए केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के सर्टिफिकेट के खिलाफ दायर अपीलों पर विचार किया जा रहा है . बुधवार को मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति अनीश दयाल की खंडपीठ ने फिल्म के निर्माताओं को मामले में पेश होने वाले सभी वकीलों के लिए फिल्म की तत्काल स्क्रीनिंग की व्यवस्था करने का निर्देश दिया . कोर्ट ने सीबीएफसी और याचिकाकर्ताओं के वकीलों को आज फिल्म देखने और कल अपनी आशंकाओं के साथ कोर्ट में आने को कहा .जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष, मौलाना अरशद मदनी ने एक जनहित याचिका दायर की है, जिसमें तर्क दिया गया है कि फिल्म इस्लाम के पवित्र पैगंबर का अनादर करती है और मुसलमानों को बदनाम करती है .

### छत्तीसगढ़ में दो महिला नक्सली गिरफ्तार

**नारायणपुर .** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में पुलिस ने कोहकामेटा थाना क्षेत्र में दो महिला नक्सलियों को गिरफ्तार कर उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है .दोनों महिला नक्सलियों के नाम पारो हपका और सुनीता उर्फ़ संगीता मंडावी बताये गयें हैं . पुलिस ने नक्सलियों के पास से कई हथियार और विस्फोटक साम्रग्री बरामद किया है . इसमें 12 बोर बीजीएल लॉचर बंदूक, दो बीजीएल बम, एक टिफिन बम, एक डेटोनेटर, 24 पेंसिल सेल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण शामिल है .

### राजस्थान में बस में गोलीबारी

**भरतपुर .** राजस्थान में सवाई माधोपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र में हम्मीर सर्किल पर एक सिटी बस में अचानक एक यात्री ने गोली चला दी, जिससे एक यात्री घायल हो गया .पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि मंगलवार देर शाम को अज्ञात शख्स ने गोली चलायी, जिससे इकरामुद्दीन छर्रे लगने से घायल हो गया . उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर भेज दिया गया . पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है .

**बिहार बंद** | **भाजपा पर लगाया चुनाव आयोग के एजेंट होने का आरोप**

# विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में महागठबंधन का चक्का जाम

**पटना, 09 जुलाई.बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण पर रोक लगाने की मांग करते हुए महागठबंधन ने बुधवार को राज्यव्यापी चक्का जाम आंदोलन कर यातयात को बाधित किया.महागठबंधन के बिहार बंद का असर राजधानी पटना समेत बिहार के अलग-अलग जिलों में दिख रहा है.**



राज्य मुख्यालय सूत्रों ने आज यहां बताया कि चक्का जाम को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है. पुलिस अधीक्षकों को उपद्रवियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं.राज्य भर में विभिन्न स्थानों पर सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है.बिहार के विभिन्न जिलों में सुबह से ही महागठबंधन के कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए और सड़क जाम कर रहे थे. पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने राजधानी पटना में अपने समर्थकों के साथ सवारी गाड़ी रोककर विरोध प्रदर्शन किया है.यादव ने कहा कि चक्का जाम का फैसला कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में लिया गया था. कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर महाराष्ट्र की तरह ही आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में भी वोट चुराने की कोशिश कर रही है.आयकर चौराहे से चुनाव आयोग कार्यालय तक मार्च का नेतृत्व कर रहे गांधी ने जनसमूह को संबोधित करते हुए भाजपा पर आगामी बिहार विधानसभा चुनावों में भी महाराष्ट्र की तरह धांधली करने का प्रयास करने का आरोप लगाया.

> गांधी ने कहा कि उन्होनें महाराष्ट में इंडिया गठबंधन के हार की समीक्षा की तो मालूम हुआ कि जिन विधानसभा की सीटों पर भाजपा जीती वहां मतदाताओं की संख्या 10 प्रतिशत तक बढ़ा दी गयी थी . आंकड़ो के अनुसार बहुत सी सीटो पर चुनाव से एक महीना पहले चार से पांच हजार तक नये मतदाता जोड़ दिए गए थे .गांधी ने कहा, लगातार मांग के बावजूद अपने धोखे को छुपाने के लिये चुनाव आयोग महाराष्ट्र में मतदाता सूची और वीडियो रिकॉर्डिंग देने से मना करता रहा जिससे स्पष्ट है कि बड़े पैमाने पर महाराष्ट्र चुनाव में धांधली हुई .